# गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद

की ओर से पुराना बस अड्डा गाजियाबाद के सम्मुख स्थित कैनिलवर्थ फ्लाईओवर के वायाडक्ट भाग में जनसमुदाय की सुविधा हेतु पर्यावरण प्रदूषण को नियंत्रित करने एवं यातायात व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए ऑटो स्टैण्ड अनुज्ञप्ति/किराया पद्धति के आधार पर नीलामी/निविदा के माध्यम से दिये जाने हेतु नियम एवं शर्तो की विवरणिका।

**नीलामी स्थल : सभागार कक्ष, कार्यालय परिसर गाजियाबाद विकास प्राधिकरण।**

**नीलामी दिनांक : 24.06.2022 से प्रत्येक शुक्रवार (अवकाश को छोड़कर)**

मूल्य – ₹ 500/–

**एक सुन्दर शहर................हमारा संकल्प**

# गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद।

**विकास पथ, गाजियाबाद।**

**(I.S.O. 9001:2008 एवं I.S.O. 14001:2004 प्रमाणित संस्था)**

## पुराना बस अड्डा गाजियाबाद के सम्मुख स्थित कैनिलवर्थ फ्लाईओवर के वायाडक्ट भाग में जन समुदाय की सुविधा हेतु पर्यावरण प्रदूषण को नियंत्रित करने एवं यातायात व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए ऑटो स्टैण्ड अनुज्ञप्ति/किराया पद्धति के आधार पर हेतु नियम व शर्तेः–

1. वायाडक्ट भाग की उक्त सामान्य सुविधाओं का अनुरक्षण एक वर्ष की अवधि हेतु अनुज्ञप्ति पर दिया जाना प्रस्तावित है।
2. सामान्य सुविधाओं के अनुरक्षण में पार्को का रख–रखाव व उक्त भाग में आने वाले वाहनों प्रमुखतः ऑटो रिक्शा को एक सुनियोजित व्यवस्था के अन्तर्गत पार्क कराना ताकि आवागमन में कोई असुविधा न हो और ट्रैफिक जाम न हो, सम्मिलित है।
3. नीलामी में प्रतिभाग करने वाले व्यस्क व्यक्ति/संस्था को पत्राचार हेतु अपने नाम व पता के प्रमाणन हेतु नोटरी द्वारा प्रमाणित अभिलेख/राशन कार्ड/भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पहचान पत्र/वाहन चालक अनुज्ञा/आयकर खाता संख्या प्रमाण पत्र/व्यापार कर खाता संख्या प्रमाण पत्र/नगर निगम कर निर्धारण प्रमाण पत्र/भारतीय दूरसंचार विभाग द्वारा निर्गत टेलीफोन बिल की प्रमाणित छायाप्रति को प्रस्तुत करना होगा।
4. उक्त सामान्य सुविधाओं के अनुरक्षण हेतु आरक्षित शुल्क **₹** 7,50,000.00 प्रति वर्ष है।
5. उक्त सामान्य सुविधाओं के अनुरक्षण हेतु आरक्षित मूल्य की 20 प्रतिशत धनराशि का बैंक ड्राफ्ट/पे–आर्डर धरोहर राशि के रूप में जो कि उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के पक्ष में देय एवं गाजियाबाद में भुगतान योग्य हो, आवेदन पत्र के साथ संलग्न कर प्राधिकरण सभागार में जमा करना होगा।
6. किसी भी बोलीदाता को अपनी बोली/निविदा वापिस लेने का कोई अधिकार नहीं होगा।
7. उपाध्यक्ष, जनहित/प्राधिकरण हित में किसी भी/सभी सामान्य सुविधाओं के अनुरक्षण की नीलामी अनुज्ञप्ति हेतु नीलामी किसी भी समय स्थगित कर सकते है।
8. उपाध्यक्ष को उच्चतम बोलीदाता/निविदादाता सहित किसी भी बोलीदाता की बोली/निविदा दर स्वीकार/अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार है।
9. उच्चतम बोलीदाता/निविदादाता को कुल बिड मूल्य की 25 प्रतिशत धनराशि नीलामी की तिथि से 07 दिन के अन्दर प्राधिकरण कोष में जमा करानी होगी। उक्त धनराशि जमा न कराये जाने की दशा में नीलामी के समय जमा की गयी धरोहर राशि की 50 प्रतिशत धनराशि की कटौती करते हुए अवशेष धनराशि बिना ब्याज के वापिस कर दी जायेगी।
10. नीलामी स्वीकृति की दशा में उच्चतम बोलीदाता/निविदादाता को नीलामी स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से एक माह के अन्दर अवशेष 75 प्रतिशत धनराशि जमा कराकर प्राधिकरण के निर्धारित प्रारूप पर अनुज्ञप्ति विलेख निष्पादित करना होगा।
11. नीलामी स्वीकृति उपरान्त बोलीदाता/निविदादाता द्वारा ऑटो पॉर्किंग हेतु **₹** 10.00 प्रति एन्ट्री + सभी कर अतिरिक्त की दर से पॉर्किंग शुल्क बोर्ड पर दर्शाना होगा।
12. पॉर्किंग क्षेत्र में आने वाले ऑटो रिक्शा को पार्क कराने हेतु **₹** 10.00 प्रति एन्ट्री + सभी कर अतिरिक्त दर से पॉर्किंग हेतु धनराशि वसूलने का हक अनुज्ञप्तिगृहिता को होगा।

13. कार्यस्थल का कब्जा नियमानुसार अनुज्ञप्ति विलेख निष्पादन के पश्चात अनुज्ञप्तिगृहिता को दिया जायेगा।

14. सामान्य सेवाओं का अनुरक्षण का आवंटन पूर्णतः अस्थायी है तथा मात्र एक वर्ष की अवधि के लिए है। उक्त एक वर्ष की अवधि अनुज्ञप्ति विलेख निष्पादित होकर कब्जा दिये जाने की तिथि से आरम्भ होगी। अनुज्ञप्तिगृहिता को एक वर्ष की अवधि समाप्त होने की तिथि को ही स्थल को खाली कर प्राधिकरण को उक्त स्थल का कब्जा सौंपना होगा। अन्यथा की दशा में प्राधिकरण नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही कर स्थल का कब्जा स्वयं प्राप्त कर लेगा तथा उक्त अवधि की धनराशि को भू–राजस्व की भॉति अनुज्ञप्तिगृहिता से वसूल किया जायेगा एवं उसे भविष्य में प्राधिकरण में होने वाली नीलामी हेतु अयोग्य घोषित कर दिया जायेगा।

15. अनुज्ञप्तिगृहिता पॉर्किंग स्थल का उपयोग केवल ऑटो रिक्शा की पॉर्किंग हेतु ही करेगा। प्राधिकरण द्वारा ऑटो पॉर्किंग हेतु **₹** 10.00 प्रति एन्ट्री + सभी कर अतिरिक्त दर निर्धारित की गयी है। उक्त दरों के अनुसार ही अनुज्ञप्तिगृहिता पॉर्किंग शुल्क को प्राप्त कर सकता है। अधिक पॉर्किंग शुल्क प्राप्त करने अथवा पॉर्किंग स्टैण्ड का अन्य कोई उपयोग करने की दशा में पॉर्किंग स्टैण्ड का ठेका निरस्त कर दिया जायेगा तथा अनुज्ञप्तिगृहिता की जमा धनराशि जब्त कर ली जायेगी।

16. पॉर्किंग स्टैण्ड एवं पार्को का समस्त अनुरक्षण अनुज्ञप्तिगृहिता द्वारा स्वयं किया जायेगा।

17. अनुज्ञप्तिकर्ता को यह अधिकार सुरक्षित होगा कि किसी भी नियम एवं शर्त को संशोधित कर सकता है। इसके लिए कोई पूर्व सूचना देने की आवश्यकता नहीं होगी।

18. अनुज्ञप्तिगृहिता को शुल्क का भुगतान देय तिथि तक करना होगा अन्यथा नियमानुसार 21 प्रतिशत की दर से ब्याज देय होगा।

19. अनुज्ञप्ति विलेख पर नियमानुसार स्टाम्प शुल्क अनुज्ञप्तिगृहिता द्वारा किया जायेगा।

20. अनुज्ञप्ति अवधि समाप्त होने पर अनुज्ञप्तिगृहिता की मांग पर उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण को अनुज्ञप्ति अवधि बढ़ाये जाने अथवा उसे पुनः विज्ञापित किये जाने का पूर्ण अधिकार होगा। इस सम्बन्ध में किसी भी प्रत्यावेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

21. उक्त सामान्य सुविधाओं के अनुरक्षण से सम्बन्धित किसी भी वाद/विवाद की दशा में उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण का निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा।

22. किसी भी विवाद के निस्तारण का न्याय क्षेत्र गाजियाबाद स्थित न्यायालय होगा।

(तालिका विवरण)

| क्र॰ सं॰ | स्थल का नाम | लाईसेंस अवधि | आरक्षित शुल्क प्रतिवर्ष (₹) | धरोहर राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| **1** | **2** | **3** | **4** | **5** |
| 1 | पुराना बस अड्डा गाजियाबाद के सम्मुख स्थित कैनिलवर्थ फ्लाई ओवर के वायाडक्ट भाग में जन समुदाय की सुविधा हेतु पर्यावरण प्रदूषण को नियंत्रित करने एवं यातायात व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए ऑटो स्टैण्ड | 01 वर्ष | 7,50,000.00 | 1,50,000.00 |

प्रभारी व्यवसायिक
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
गाजियाबाद

# शपथ–पत्र

सत्यापित फोटो

समक्ष : उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद

मैं / हम.......................................................................................................................................................
पुत्र / पुत्री / पत्नी ..........................................................................................................................
जन्म तिथि ............................................................................... आयु ............................................................ वर्ष (लगभग)

निवासी ...........................................................................................................................................
निम्नलिखित शपथ पूर्वक बयान करता हूँ / करती हूँ / करते है :

1. यह कि मेरा / हमारा उपरोक्त नाम एवं पता सब सही है।

2. यह कि मैं / हम गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा दिनांक ......................................... को नीलाम किये जा रहे बैडमिन्टन कोर्ट ....................................................... योजना ....................................................... गाजियाबाद की नीलामी में बोलीदाता के रूप में प्रतिभाग कर रहा हूँ / रही हूँ / रहे है।

3. यह कि मैं / हम बोली सफल होने पर बैडमिन्टन कोर्ट आवंटन के फलस्वरूप अपेक्षित भुगतान करने में सक्षम हूँ / है।

यह कि उपरोक्त शपथ–पत्र की सभी धारायें मेरे निजी ज्ञान और विश्वास में सब सत्य है कोई कथन असत्य नहीं है। कोई भी सूचना असत्य पाये जाने पर मेरे विरूद्ध कार्यवाही के लिए मैं / हम स्वयं जिम्मेदार हूँगा / हूँगी / रहेगें।

स्थान : .......................................................

दिनांक : ....................................................  हस्ताक्षर शपथकर्ता

(नोट : शपथ–पत्र ₹ 10 / – के स्टाम्प पेपर पर नोटरी से प्रमाणित कराकर संलग्न किये जाये।)

# गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा
# प्रस्तावित नीलामी में प्रतिभाग हेतु प्राधिकार–पत्र

| |
|---|
| सत्यापित फोटो |

सेवा में,

नीलामी अधिकारी,
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण,
गाजियाबाद।

महोदय,

मैंने गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा दिनांक ...................................................................... को नीलाम किये जा रहे ऑटो स्टैण्ड ...................................................................... योजना ............................................................ गाजियाबाद की नीलामी में भाग लेने हेतु आवेदन किया है।

किन्ही कारणों वश मैं उक्त नीलामी में स्वयं भाग नहीं ले पा रहा/रही हूँ। अतः उक्त नीलामी में भाग लेने हेतु मैं श्री/कु0/श्रीमती ..............................................................................................................................
पुत्र/पुत्री/पत्नी ..............................................................................................................................................
आयु ............................. वर्ष (लगभग) निवासी .................................................................................................
को जिनके हस्ताक्षर नीचे प्रमाणित किये गये है, को नीलामी में बोली देने हेतु अधिकृत करता/करती हूँ। मेरे अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा जो भी बोली दी जायेगी वह मुझे पूर्णतया मान्य होगी।

भवदीय/भवदीया :

प्राधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर

हस्ताक्षर

नाम :

पता :

हस्ताक्षर प्रमाणित

**आवेदन पत्र संख्या :**

# गाजियाबाद विकास प्राधिकरण

## नीलामी में प्रतिभाग हेतु निविदादाता/बोलीदाता का विवरण

| राजपत्रित अधिकारी/नोटरी पब्लिक द्वारा सत्यापित फोटो<br>Paste a passport size photp attested by Gazetted Officer/Public Notary |
|---|

1. आवेदक का नाम :................................................................................
   Name of the Application (in block letters)
2. पिता/पति का नाम :................................................................................
   Father/Husband Name:
3. उम्र : ................................................................................
   Age :
4. पूरा पता :
   Full Address :
   (ए) स्थायी पता : ................................................................................
   (a) Permanent Address :
   (बी) पत्र व्यवहार का पता : ................................................................................
   (b) Correspondence Address :
   (सी) टेलीफोन नं0 ................................ मोबाईल ................................ ई–मेल................................
   (c) Telephone No.: Mobile No. : E-mail :
5. व्यवसाय : ................................................................................
   Occupation :

### ऑटो स्टैण्ड का विवरण

1. स्थल/योजना का नाम :................................................................................
   Name of Site/Scheme
2. नीलामी का विवरण :................................................................................
   Auction Details :
   (ए) निविदादाता द्वारा क्रय करने हेतु ऑफर दर (अंकों में)................................
   (a) Offer rate for purchase by the tenderer (in figures)
   (बी) नीलामी हेतु जमा धनराशि का विवरण ................................
   (b) Details of Amount Deposited for Auction

### घोषणा
### Declartion

मैं अधोहस्ताक्षरी घोषणा करता/करती हूँ कि मैंने इस नीलामी में एक आवेदक के रूप में अपने/कम्पनी/संस्था/फर्म/ट्रस्ट की ओर से उक्त ऑटो स्टैण्ड के नीलामी द्वारा आवंटन किये जाने हेतु गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के नियम एवं शर्तो के अन्तर्गत आवेदन किया है। मैंने उक्त नीलामी हेतु प्राधिकरण द्वारा निर्धारित विवरण पुस्तिका में उल्लिखित सभी नियम व शर्तो को भली प्रकार पढ़ एवं समझ लिया है एवं मैं इन सभी नियम व शर्तो से सहमत हूँ। मैं अवशेष मूल्य की धनराशि एवं अन्य धनराशि प्रोफार्मा पर निर्धारित शर्तो के अधीन जमा करते हुए अपने स्वयं के व्यय पर प्राधिकरण द्वारा निर्धारित समय में सम्पत्ति का अनुज्ञप्ति विलेख कराऊँगा।

I the undersigned being one of the applicants in the auction, as mentioned above and hereby apply on my behalf of the applicant above named to the Ghaziabad Development Authority, Ghaziabad for allotment of the Auto Stand described above, under the Ghaziabad Development Authority rules. I have read and understood all the condition mentioned in the brochure of tender and hereby unequivocally accept the same. I the intending purchaser(s) will pay the balance of the cost and other amounts and be executed with the Licence deed in the prescribed form in accordance with the said conditions at my own cost within such period as my be decided by the Authority.

दिनाँक : ........................................
Dated

आवेदक के हस्ताक्षर........................................
Signature of the bidder